# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 13 मार्च 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन].**

Total Short Notice Question- 11

----

### नाला का निर्माण

*9 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बैरगनियां (सीतामढ़ी) नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत अस्पताल चौक से चमड़ा गोदाम होते हुए करबला चौक पी.सी.सी. सड़क और आर.सी.सी. नाला निर्माण नहीं रहने के कारण आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की पी.सी.सी. एवं आर.सी.सी. नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### जाम से मुक्ति

*60 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर शहरी क्षेत्र से एन.एच.- 104 गुजरने के कारण शिवहर बाजार अधिकांश समय जाम के चपेट में रहता है जिसके कारण व्यवसायियों का व्यवसाय प्रभावित होता है, साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिवहर शहर को जाम से मुक्त कराने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सर्वे एवं डी.पी.आर. कबतक

*61 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना में गंगा नदी के किनारे बन रहे जे. पी. गंगा पथ का विस्तार पश्चिम में दीघा से शेरपुर तक तथा पूरब में दीदारगंज होते हुए बख्तियारपुर तक होना है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के विस्तार में लगभग 50 किलामीटर अतिरिक्त निर्माण करना होगा जिसका लाभ पटना वासियों के साथ-साथ उत्तर बिहार के लोगों को राजधानी आने में मिलेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ के विस्तार हेतु सर्वे एवं डी.पी.आर. बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सुरक्षा घेरा बढ़ाने हेतु

*62 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय से विशुनगंज तथा उदेरास्थान पर घोषी प्रखंड के सोनवां गांव जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग में पड़ने वाली जमुने नदी पर उच्च स्तरीय आरसीसी पुल एवं विभिन्न नहर पुलों की सड़क के मुताबिक चौड़ाई एवं सुरक्षा घेरा का अभाव है जिसके कारण बराबर दुर्घटना घटित होती रहती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित नहर पुलों की सड़क के मुताबिक चौड़ाई एवं सुरक्षा घेरा बढ़ाने पर विचार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

***63 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला अंतर्गत प्रखंड तरियानी ग्राम बेलहिया मिडिल स्कूल से सुल्तानपुर तक करीब 2 किलोमीटर सड़क बनाने हेतु प्रस्तावित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के निर्माण हेतु शिवहर कार्य प्रमंडल के पत्रांक 1613 दिनांक 23/11/22 के प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता 3 से पत्राचार किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण हेतु कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ससमय वेतन कबतक

***64 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों (जिला परिषद् सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य) को काफी कम वेतन दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इन्हें जो वेतन दिया भी जाता है, वो काफी विलंब से दिया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों को कम से कम दस हजार रुपये प्रतिमाह एवं ससमय वेतन देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पंचायत सरकार भवन का निर्माण

***65 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती जागेश्वरी देवी, पति-स्व. राजेन्द्र सिंह, साकिन-भरतखंड ड्योढ़ी, थाना-परबत्ता, जिला खगडि़या ने तत्कालीन समाहर्त्ता के ज्ञापांक-राजस्व/ xxviii-05/2014/151 राजस्व, दिनांक- 23.01.2015 के आदेशानुसार कोठी 5 की अराजी मोवाजी 0-06-11-0 ( छह कट्ठा ग्यारह धूर जमीन) सौढ़ दक्षिणी पंचायत के ड्योढ़ी टोला स्थित अपनी निजी जमीन 'पंचायत सरकार भवन' निर्माण हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम दिनांक- 13.06.2017 को निबंधित दान पत्र द्वारा दान में दे दी

है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित 'पंचायत सरकार भवन' का निर्माण लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अब तक नहीं हो सका है जो अत्यंत ही खेद का विषय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित 'पंचायत सरकार भवन' का निर्माण अविलम्ब कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जलापूर्ति की व्यवस्था

*66 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के शास्त्रीनगर मुहल्ले में सरकारी आवास सं.- 349/800 से 379/800 तक में जलापूर्ति व्यवस्था ठप है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आवासों में पानी पहुंचने के पूर्व ही सारा पानी रोड पर ही बह जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकारी आवासों में पेय जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करना भवन निर्माण विभाग की जिम्मेवारी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ही जलापूर्ति पाइप को दुरुस्त कराकर इन आवासों में जलापूर्ति व्यवस्था शीघ्रातिशीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्राथमिकता का प्रावधान

*67 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य के 32 जिले अंतर्गत 100 प्रखंडों में चयनित संकुल स्तर पर सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केन्द्र की स्थापना की जा रही है और इसके संचालन हेतु लाइब्रेरियन दीदी की नियुक्ति होनी है;

(ख) क्या यह सही है कि लाइब्रेरियन दीदी की नियुक्ति में लाइब्रेरी सांइस डिग्रीधारी हेतु प्राथमिकता हेतु कोई प्रावधान नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाइब्रेरियन दीदी की नियुक्ति में लाइब्रेरी साइंस डिग्रीधारी हेतु प्राथमिकता का कोई प्रावधान रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नये मानकों पर विचार

***68 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ- 31 जीरो माईल बेगूसराय से साहेबपुर कमाल तक रोज सड़क दुर्घटनाओं में लोग बेमौत मारे जा रहे हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सड़क सुरक्षा के नये मानकों पर विचार करेगी और सड़क आर-पार करने के लिए दुर्घटना रहित व्यवस्था करना चाहती है?

----

## नए सामुदायिक भवन का निर्माण

***69 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड की सेमरिया पंचायत के अंतर्गत सेमरिया ग्राम के वार्ड संख्या- 07 में वर्ष- 2010 में जिला परिषद्, भोजपुर द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सामुदायिक भवन का इस्तेमाल ग्राम सभा की बैठक करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत चुनाव में मतदान केंद्र के रूप में होता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सामुदायिक भवन को दिनांक- 19.02.2023 को सुबह 9:00 बजे असामाजिक तत्वों द्वारा जे.सी.बी. से तोड़ दिया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन को तोड़ने के जिम्मेवार दोषी व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा उक्त ध्वस्त सामुदायिक भवन के स्थान पर नया सामुदायिक भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----